बालक के अपहरण,दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को तिहरी उम्रकैद

अभियुक्त राहुल उर्फ भूर्ति को जीवनकाल तक जेल में रखने का आदेश, पीड़ित माता-पिता को दिया जाएगा 4 लाख रुपए प्रतिकर



कटनी, देशबन्धु। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, कटनी की अदालत ने बालक के अपहरण, उसके साथ प्रवेशन लैंगिक हमला और हत्या के मामले में आरोपी राहुल उर्फ भूर्ति को दोषी ठहराते हुए कठोर सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी को तिहरे आजीवन कारावास से दंडित किया है। इसमें एक आजीवन कारावास आरोपी के शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक प्रभावी रहेगा। इसके साथ ही कुल 16 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। थाना माधवनगर के अपराध क्रमांक 10/2024 से संबंधित इस जघन्य एवं सनसनीखेज मामले में न्यायालय ने धारा 363 भादसं में 5 वर्ष का सश्रम कारावास व 2 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 377 में आजीवन कारावास व 5 हजार रुपए अर्थदंड, पॉक्सो एक्ट की धारा 5(एम) सहपठित धारा 6 में शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास व 5 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 302 में आजीवन कारावास व 2 हजार रुपए अर्थदंड तथा धारा 201 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास व 2 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

यह था मामला

अभियोजन के अनुसार 4 जनवरी 2024 को पीड़ित बालक सुबह करीब 10 बजे खाना खाने के बाद खेलने के लिए घर से निकला था। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश की और निवार चौकी में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान गांव के दो युवकों से पूछताछ में पता चला कि राहुल कोरी बालक को मोटरसाइकिल से खेत की ओर ले गया था। इसके बाद बालक की तलाश शुरू की गई। 6 जनवरी को नदी किनारे खेत में झाड़ियों के नीचे ताजी मिट्टी दिखाई दी। मिट्टी हटाने पर बालक का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव का उत्खनन कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। विवेचना में आरोपी के विरुद्ध बालक के साथ लैंगिक हमला कर उसकी हत्या करने और शव को गड्ढा खोदकर दफनाने के साक्ष्य सामने आए। विचारण के दौरान अभियोजन ने 32 साक्षियों के बयान और 62 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए। मामले में डीएनए संबंधी वैज्ञानिक रिपोर्ट को भी साक्ष्य के रूप में पेश किया गया। उपलब्ध मौखिक, दस्तावेजी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी माना। अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक सह अभियोजन अधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं हरिकृष्ण त्रिपाठी ने किया। मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र कुमार गर्ग ने प्रकरण की जानकारी दी। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित बालक के माता-पिता को 4 लाख रुपए प्रतिकर दिलाए जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भी आदेशित किया है।

लमतरा इंडस्ट्रियल क्षेत्र के पास हादसा, झाड़ियों में मिला शव

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



कटनी, देशबन्धु। कुठला थाना क्षेत्र के लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया के समीप सोमवार सुबह करीब 7 बजे सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बबलू भूमिया पिता कुट्टू भूमिया के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बबलू सड़क किनारे जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक उछलकर सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कुठला पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच शुरू कर दी है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान जल्दी से जल्दी की जा सके। प्रारंभिक जानकारी में घटना को लेकर हत्या की आशंका भी जताई गई थी, लेकिन पुलिस जांच में मामला सड़क हादसे का सामने आया है। पुलिस और परिजनों के अनुसार वाहन की टक्कर से ही बबलू की मौत हुई है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

सोयाबीन उपार्जन के लिए 17 अक्टूबर तक होगा किसानों का पंजीयन

कटनी, देशबन्धु। खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन फसल के उपार्जन के लिए किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन किया जा रहा है। किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले में सोयाबीन फसल के पंजीयन के लिए कटनी नगर तहसील के अंतर्गत विपणन सहकारी संस्था कटनी को पंजीयन संस्था निर्धारित किया है।

सार-समाचार

सांसद हिमाद्री सिंह ने पंचायत भवन का फीता काटकर किया लोकार्पण



उमरियापान, देशबन्धु। शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह ने रविवार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा अंतर्गत स्थित ग्रामपंचायत सिमरिया में नवनिर्मित पंचायत भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर सांसद सहित अतिथियों ने परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम, राजेश चौरसिया, सतीश ज्योतिषी, ढीमरखेड़ा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, सिलौड़ी मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, गोविंद सिंह, राकेश त्रिपाठी सहित पंचायत सरपंच, सचिव एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने पंचायत भवन को ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

सरकार आपके द्वार शिविर में शासकीय महाविद्यालय बरही की सक्रिय सहभागिता



बरही, देशबन्धु। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत नगर परिषद बरही में आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर में शासकीय महाविद्यालय बरही, जिला कटनी द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई। शिविर में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न आवेदनों एवं समस्याओं का संबंधित अधिकारियों द्वारा त्वरित निराकरण किया गया तथा विद्यार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी, प्रो. अब्दुल बारी एवं राजेश्वरी मिश्रा उपस्थित रहे। महाविद्यालय की ओर से शिविर में विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान हेतु सहयोग एवं सहभागिता सुनिश्चित की गई।

इंडियन पब्लिक स्कूल बरही में मंचीय कलाकार एसोसिएशन का महा सम्मेलन आयोजित



बरही, देशबन्धु। जिले के बरही नगर में संचालित इंडियन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में लोक कलाकारों द्वारा महासम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कटनी जिला का गठन के साथ-साथ कई रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल जी एवं अध्यक्षता जिला पंचायत कटनी के सदस्य प्रेमलाल केवट जी ने की व्यक्ति विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक बर्मन सिंगर आर यस जायसवाल कामता डायरेक्टर सुरेश सोनी पार्षद नगर परिषद नंदकिशोर गुप्ता रामकेश राय सुरेश जयसवाल एवं संगठन के संस्थापक संरक्षक कृष्णा नायडू माला यादव पूजा जैन मोहन विश्वकर्मा महासचिव अनिल प्रजापति सुलक्षणा जायसवाल एवं कटनी जिला के अध्यक्ष जवाहर बर्मन हरीश भारती दुर्गेश सोनी दर्पण के अध्यक्ष कार्यक्रम का संचालन स्वरूप चौधरी ने किया।

छूटा नाम दस्तावेज देकर मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे पात्र मतदाता

कटनी, देशबन्धु। जिले में एसआईआर के दौरान अनमैप्ड अथवा तार्किक विसंगतियों के कारण नोटिस जारी होने और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने के चलते जिन पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से पृथक हो गए हैं, उनके नाम पुन: मतदाता सूची में दर्ज कराने की प्रक्रिया की जाएगी। इसके लिए बीएलओ द्वारा घर-घर संपर्क अभियान चलाकर पात्र व्यक्तियों से आवश्यक दस्तावेज एकत्र किए जाएंगे। ऐसे पात्र मतदाता, जिनका नाम एसआईआर के दौरान किसी कारणवश मतदाता सूची में जुड़ने से रह गया है, बीएलओ के संपर्क अभियान के दौरान अपने दस्तावेज उपलब्ध कराकर नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं।

बेहतर इलाज के लिए किया जाएगा हर संभव प्रयास : अशोक विश्वकर्मा



जानकारी लगते ही मरीजों की समस्या पर तत्काल सक्रिय हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष

कटनी, देशबन्धु। जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की और उपचार के दौरान आ रही समस्याओं को गंभीरता से सुना। अस्पताल में कुछ मरीजों के उपचार में परेशानी और आवश्यक सुविधाएं समय पर नहीं मिल पाने की जानकारी मिलने पर श्री विश्वकर्मा ने मामले को तत्काल संज्ञान में लिया। उन्होंने मौके से ही संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर मरीजों के बेहतर एवं समुचित उपचार की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि मरीज और उनके परिजन इलाज के लिए अस्पताल आते हैं, ऐसे में उन्हें किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही अथवा उपचार को लेकर आने वाली समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका समय पर समाधान किया जाना आवश्यक है। इस दौरान श्री विश्वकर्मा ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा मरीजों एवं उनके परिजनों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर समाधान कराने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। अशोक विश्वकर्मा द्वारा मरीजों की समस्याएं सुनकर फौरन मौके पर पहुंचना और स्थिति देखने के बाद तत्काल संबंधित अधिकारियों से बात कर समाधान की पहल की। उनकी इस सक्रियता की अस्पताल में मौजूद लोगों ने सराहना की।

वीरू दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष बने आयुष

गरिमापूर्ण तरीके से नई समिति मनाएगी दुर्गा स्थापना का 51वां वर्ष

कटनी, देशबन्धु। वीरू दुर्गोत्सव समिति केसीएस स्कूल की बैठक शेर चौक स्थित डॉ वर्मा क्लीनिक में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा नवरात्रि दशहरा पर्व पर समिति की आगामी रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। समिति द्वारा स्थापना के 51वे वर्ष में केसीएस स्कूल प्रांगण में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा के साथ ही आकर्षक विद्युत साज सज्जा का निर्णय लिया गया। तदुपरांत समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष-आयुष तपा, उपाध्यक्ष-सचिन दुबे, हर्ष ताम्रकार, अभय दुबे, अक्षत ताम्रकार, कोषाध्यक्ष-अयूर ताम्रकार, मयंक रजक, सचिव - तुषार श्रीवास्तव, शिवा कन्नौजिया, सह सचिव-अनिरुद्ध ताम्रकार, सुयश खंडेलवाल, इशांत पहारिया, कान्हा कुशवाहा, आशु सोंधिया, शुभम सिंह परिहार, सजावट मंत्री-विपिन ताम्रकार, भोलू सोनी, बल्लू साहू ,सागर ताम्रकार ,विनय सोनी, ललित बर्मन, लल्लू बर्मन, गुड्डा रावत ,बाबा ठाकुर , मंच सज्जा -पिंटू पेंटर, झांकी निर्माणकर्ता-डॉक्टर दिलीप वर्मा, अनिल गुप्ता राजेंद्र श्रीवास्तव, पूजा व्यवस्थापक-दिनेश तपा, दीपक तपा, प्रसाद व्यवस्थापक-विष्णु पहारिया, गणेश अग्रहरि, लालू ताम्रकार, कार्यकारी सदस्य-हनी ताम्रकार, यश ताम्रकार, चीकू अग्रहरि, चेतन सोनी, नन्ना बर्मन, मीडिया प्रभारी-संजीव वर्मा, प्रकाश पटेल, रोहित सेन के अलावा संरक्षक मंडल-अनिल ताम्रकार, अमर ताम्रकार, राजेंद्र श्रीवास्तव, रज्जन रजक,अरुण कन्नौजिया मामा, प्रकाश सोनी, अरविंद सुहाने, संतोष शर्मा, विपिन गुप्ता, संजय सोनी, सुनील जैन का चयन किया गया हैं। समिति के द्वारा दुर्गा जी की भव्य प्रतिमा और मंच को ऐतिहासिक रूप देने के साथ ही चलित झांकी का संकल्प भी लिया गया है।

जन अभियान परिषद् विकासखंड द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन



कटनी, देशबन्धु। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी द्वारा सेवा संकल्प अभियान 2026 के सेवा मेरा योगदान अभियान के प्रथम दिवस विकासखंड स्तरीय स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन ग्राम हिरवारा में किया गया। जिसमें स्थानीय श्री हनुमान मंदिर एवं यज्ञशाला परिसर को प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता एक रमजान किया गया। जिसमे मंदिर परिसर के साफ़ सफाई कर स्वच्छता अपनाने हेतु शपथ दिलाई गई व चौपाल का आयोजन किया । आयोजन में विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के द्वारा 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम सरपंच हीरामन चक्रवर्ती, जीआरएस महेंद्र, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अजय बर्मन, नवाकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी, साध्वी जन कल्याण समिति की अध्यक्ष साध्वी निगम ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, सरसवाही व हिरवारा के अध्यक्ष संत कुमार सेन ,संतोष बर्मन, सदस्य आशा बर्मन, मुख्यमंत्री सामुदायिक इंटर की क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता रोशनी कुशवाहा, भारती बर्मन व छात्र छात्राओं वंदना गेलानी, ओम प्रकाश तिवारी ,संदीप तिवारी, शिवम, काजल निगम व ग्रामवासीयों की उपस्थित रही। कार्यक्रम का समन्वय, संचालन व आभार सेक्टर क्रमांक 5 हीरापुर कौड़िया की नवांकुर संस्था साध्वी जन कल्याण समिति की अध्यक्ष साध्वी निगम के द्वारा किया गया।

अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

कटनी, देशबन्धु। अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा जिले में सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग की टीम ने चार ठिकानों पर दबिश देकर कुल 25.56 लीटर देशी मदिरा बरामद की।

सेवा और संवेदना के साथ मनाया गया स्मृति शेष सुनील रांधेलिया का जन्मदिन



मरीजों एवं उनके परिजनों को फल, बिस्किट एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया

कटनी, देशबन्धु। समाजसेवी एवं शहर के प्रसिद्ध व्यापारी स्मृति शेष सुनील रांधेलिया की जयंती 4 अक्टूबर को सुनीधा फाउंडेशन (सुनील-सुधा रांधेलिया सेवा समिति) द्वारा सेवा एवं समर्पण के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जिला अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों को फल, बिस्किट एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर सुनील रांधेलिया की सेवा भावना और मानवीय मूल्यों को याद किया गया।सुनील रांधेलिया ने अपने जीवनकाल में सदैव जरूरतमंदों की सहायता को प्राथमिकता दी और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाया। उनकी इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए सुनीधा फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर जनसेवा, जरूरतमंदों की सहायता एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं। धर्मपत्नी श्रीमति सुधा रांधेलिया, पुत्र संभव रांधेलिया पुत्र वधु श्रीमति श्वेता रांधेलिया, बेटी-दामाद श्रीमति स्वर्णिमा जैन अनंत जैन ने पिता को नमन कर याद किया। इस अवसर पर फाउंडेशन की संस्थापिका सौम्या रांधेलिया ने कहा फाउंडेशन का उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि समाज में मानवता, संवेदना और सेवा की भावना को मजबूत करना है कार्यक्रम में सौम्या रांधेलिया अजय खटीक, निधि सिंह, शिखा जैन, कीर्ति जायसवाल, अश्मिता आनंद, मदन दुबे, अजय कुशवाहा, राम यादव, मुकेश बाल्मीक, शिवम निषाद एवं हरदास साहू उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत सलैया सिहोरा की बदहाली पर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, युवाओं ने खोला मोर्चा



कटनी, देशबन्धु। जिले की जनपद पंचायत बड़वारा अंतर्गत ग्राम पंचायत सलैया सिहोरा की मूलभूत समस्याओं को लेकर ग्रामीणों और युवाओं का आक्रोश सामने आया। युवा समाजसेवी राज सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने लामबंद होकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम खितौली नायब तहसीलदार को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने, उप-स्वास्थ्य केंद्र व आयुर्वेदिक केंद्र नियमित संचालित कराने, विद्यालयों में कथित अतिरिक्त शुल्क वसूली की जांच, बिजली पोल लगाने और विद्युत व्यवस्था सुधारने की मांग की गई। इसके अलावा बरेला-सलैया सिहोरा मार्ग के निर्माण-सुधारीकरण, सलैया सिहोरा मोड़ पर बस स्टैंड, आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा के लिए गौशाला तथा चारा-पानी की व्यवस्था की मांग उठाई गई। ग्रामीणों ने गोचर एवं सार्वजनिक चराई की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर सीमांकन और अवैध कब्जों पर कार्यवाही करते की मांग भी रखी।

रक्तदान कर मनाई मां की पुण्यतिथि

नवाचार : श्रीमती अंजना क्षत्रिय की स्मृति में अंकित एवं स्नेह क्षत्रिय ने जिला अस्पताल में किया रक्तदान



कटनी, देशबन्धु। दिवंगत श्रीमती अंजना क्षत्रिय की पुण्य एवं श्राद्ध तिथि पर उनके बेटे अंकित क्षत्रिय एवं बहू स्नेह क्षत्रिय ने जिला चिकित्सालय कटनी स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान कर अपनी माताश्री की स्मृति को अनूठे और प्रेरणादायी तरीके से नमन किया। मां की पुण्यतिथि को केवल स्मरण और श्रद्धांजलि तक सीमित न रखते हुए अंकित एवं स्नेह क्षत्रिय ने इसे मानव सेवा और जीवन बचाने के संकल्प से जोड़ा। उनका मानना है कि अपने प्रियजन की स्मृति में किया गया ऐसा कार्य, जो किसी जरूरतमंद के जीवन में आशा की किरण बन सके, सच्ची श्रद्धांजलि का सबसे सुंदर रूप है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माँ अंजना क्षत्रिय आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी स्मृति सदैव हमारे साथ है। उनकी पुण्य एवं श्राद्ध तिथि पर रक्तदान के माध्यम से यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में हमारा योगदान हो सके, तो यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

श्रद्धांजलि का ऐसा रूप, जो किसी को जीवन दे

रक्तदान के माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश देते हुए अंकित एवं स्नेह क्षत्रिय ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में तैयार नहीं होता। इसकी उपलब्धता पूरी तरह स्वैच्छिक रक्तदाताओं पर निर्भर करती है। दुर्घटना, ऑपरेशन, प्रसव अथवा गंभीर बीमारी के दौरान किसी भी व्यक्ति को अचानक रक्त की आवश्यकता पड़ सकती है। इसलिए स्वस्थ एवं पात्र लोगों को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने आमजन से अपील की कि जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, पुण्यतिथि अथवा जीवन के किसी भी विशेष अवसर पर रक्तदान अवश्य करें।